B S NEGI MPPS -IN NEWS

ABHIVYAKTI-2024 .... the essence of being a woman

SUNDAY: 10 MARCH 2024

DAINIK JAGRAN

कौलागढ़ रोड स्थित बीएस नेगी महिला पालिटेक्निक संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित फैशन शो में रैंप पर विभिन्न परिधान पहनकर कैट वाक करती युवतियां • जागरण

स्वाति ने जीता शोभना वाही एक्सीलेंस अवार्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून: बीएस नेगी महिला पालिटेक्निक संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर फैशन शो आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने रैंप वाक किया। स्वाति कांबोज को 'शोभना वाही एक्सीलेंस अवार्ड' प्रदान किया गया। फैशन डिजाइन के लिए सुरभि थापा बेस्ट माडल चुनी गईं, जबकि शिवानी बिष्ट ने द्वितीय, जबकि तनुजा फर्त्याल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

रविवार को पालिटेक्निक संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त डीजीपी अनिल रतूड़ी ने शिरकत की। मुख्य सचिव ने संस्थान को तकनीकी शिक्षा का स्तंभ व छात्राओं को महिला सशक्तीकरण का आइकन बताया। उन्होंने विश्व स्तर पर व उत्तराखंड में अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को सराहा। मुख्य आकर्षण संस्थान की छात्राओं की ओर से

- **बीएस नेगी महिला पालिटेक्निक संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर फैशन शो का आयोजन**
- **बतौर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संस्थान की छात्राओं को बताया महिला सशक्तीकरण का आइकन**

निर्मित कलात्मक परिधान व विभिन्न स्टाल पर बनाए व्यंजन रहे। उत्तराखंड सिल्क कापरेटिव फेडरेशन के निर्मित परिधानों को भी रैंप पर प्रस्तुत किया गया। फैशन शो में प्रत्येक क्रम में सात बेस्ट ड्रेस डिजाइनर्स डाली मेहता, अंकिता थापा, खुशबू, अंजुम लिम्बू, अंजलि बिष्ट, शिवानी बिष्ट, प्रीति कार्की को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं, शोभना वाही एक्सीलेंस अवार्ड की विजेता स्वाति कम्बोज (माडर्न आफिस मैनेजमेंट एंड सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस) को शोभना वाही ने ट्राफी प्रदान की। यह अवार्ड बेस्ट स्टूडेंट आफ द ईयर को प्रदान किया जाता है।

सुरभि सप्रा, बानी बत्ता व शुभा मुतनेजा निर्णायक मंडल की भूमिका में रहीं। संस्थान की योजना 'लर्न अर्न एंड रिटर्न' के तहत संस्थान की पूर्व छात्राओं के लिए एल्युमिनाई मीट 'राब्ता' में काफी संख्या में पूर्व छात्राएं शामिल हुईं। इस मौके पर संस्थान की फाउंडर पैट्रन शोभना वाही, चेयरमैन हर्षमणि व्यास, दून विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, पंतनगर यूनिवर्सिटी की डीन डा. अलकनंदा अशोक, आइपीएस विम्मी सचदेवा, सीएएसएफओएस एफआरआइ की प्रिंसिपल मीनाक्षी जोशी, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त जेपी ममगाईं, प्रधानाचार्य नमिता ममगाईं, ईडी ऊर्जा भवन राजेंद्र शुक्ला,. संस्थान के पूर्व कर्मचारी, ओएनजीसी के अधिकारी, एनआइआइटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।